AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : स्नातक कक्षाओं में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू

एलयूआरएन पंजीकरण के बाद ही भर सकेंगे फॉर्म, 31 मई है अंतिम तिथि

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लविवि के स्नातक की कक्षाओं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने मंथन हाल में शैक्षिक सत्र 2023-24 की केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था के तहत ऑनलाइन स्नातक प्रवेश प्रक्रिया का शुभारंभ किया।

कुलपति ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट पर एडमिशन पेज में यूजी एडमिशन पर जाकर प्रवेश संबंधित सभी सूचनाएं प्राप्त कर सकते हैं। अभ्यर्थी अपना एडमिशन फॉर्म मोबाइल में एलयू का एप डाउनलोड करने के साथ विवि की वेबसाइट पर जाकर भी भर सकते हैं। इससे पहले अभ्यर्थियों को लखनऊ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन नंबर (एलयूआरएन) पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर हेल्पलाइन नंबर-0522-4150500 पर सुबह 10 बजे से शाम 6 तक कॉल कर मदद ली जा सकती है। कुलपति ने निर्देश दिए हैं कि सभी विभागाध्यक्ष 31 मार्च तक सम सेमेस्टर की कक्षाओं के संचालन के लिए टाइम टेबल, लैब इंडस्ट्रियल टूर और फील्ड ट्रिप से संबंधित ब्यौरा तैयार कर ले।

असुविधा होने पर हेल्पलाइन नंबर 0522- 4150500 पर सकेंगे कॉल

लविवि कुलपति प्रो. आलोक राय ने यूजी कोर्स प्रवेश प्रक्रिया का किया शुभारंभ। संवाद

72 घंटे के पहले दोबारा न जमा करें फीस

प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करते समय अभ्यर्थी फॉर्म भरने के पूर्व एडमिशन बाउचर में दिए सभी निर्देश अवश्य पढ़ लें। अभ्यर्थी की फोटो व सिग्नेचर की स्कैन कॉपी 50 केबी के अंदर हो। यदि किसी अभ्यर्थी को आरक्षण का लाभ लेना है तो उसके प्रमाणपत्र की स्कैन कॉपी 50 केबी के अंदर होनी चाहिए। वहीं, एक बार प्रवेश फॉर्म की फीस ऑनलाइन जमा करने के बाद अभ्यर्थी 72 घंटे के पहले दोबारा फीस न जमा करें।

इन कॉलेजों में भी आवेदन को लेकर शुरु हुई तैयारियां

■ **लखनऊ क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज**
गोलगंज स्थित क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज में प्रवेश के लिए 10 अप्रैल से फॉर्म मिलना प्रस्तावित हैं। प्राचार्य प्रो. डेंजिल जॉन गोडिन ने बताया कि विद्यार्थी कॉलेज की वेबसाइट http:\ucknowchristiancollege.in पर आवेदन कर सकेंगे। प्रवेश फॉर्म का शुल्क 800 रुपये है। महाविद्यालय में बीए की 440 सीटें, बीकॉम 620, बीएससी बायो 240, बीएससी मैथ 240, बीपीएड 60, एमए अंग्रेजी 60, और एमएससी केमिस्ट्री की 40 सीटें हैं।

■ **अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज**
अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज में स्नातक में प्रवेश के लिए फार्म एक अप्रैल से मिलना शुरू होंगे। प्राचार्य डॉ. सुभाष दुबे ने बताया कि विद्यार्थी महाविद्यालय की वेबसाइट http:\/abnndc.in पर भी आवेदन कर सकते हैं। फॉर्म शुल्क 200 रुपये है। कॉलेज में बीए की 160 सीटें और बीकॉम की 80 सीटें हैं।

■ **महाराजा बिजली पासी गवर्नमेंट पीजी कॉलेज**
आशियाना स्थित महाराजा बिजली पासी गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में 10 अप्रैल प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी। प्राचार्य प्रो. सुमन गुप्ता ने बताया कि विद्यार्थी कॉलेज की वेबसाइट http:\/www.mbpgpgc.in पर आवेदन कर सकते हैं। फॉर्म शुल्क 250 रुपये है। कॉलेज में बीए में 600 सीटें, बीकॉम 60, बीएससी 120, एमए हिंदी 60, एंमए अंग्रेजी 60, एमए अर्थशास्त्र 60, एमए समाज शास्त्र 60, एमए भूगोल 60 और एमए बॉटनी में 30 सीटें हैं। (संवाद)

लविवि में मनाया गया रंगमंच दिवस

लखनऊ। विश्व रंगमंच दिवस पर लविवि के अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग के शोधार्थियों ने चार नाटकों का मंचन किया। इन नाटकों की पटकथा विभाग के छात्रों ने ही तैयार की थी, जो विद्यार्थियों पर पड़ रहे पारिवारिक दबाव, दलित उत्पीड़न जैसे विषयों पर आधारित थे। प्रो. राज बिसारियत्ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। डॉ. मिनाक्षी पाहवा, प्रो. अरविंद अवस्थी, प्रो. एम प्रियदर्शनी आदि मौजूद रहे। (संवाद)

सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

लखनऊ। लविवि के विधि संकाय की ओर से सोमवार को विधिक सहायता केंद्र और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में विधिक साक्षरता व सहायता शिविर का आयोजन किया गया। यह सहायता शिविर बीकेटी स्थित रसूलपुर गांव में हुआ। शिक्षा विभाग के अनुराग सिंह राठौर ने निपुण भारत योजना के बारे में लोगों को जागरूक किया। विधि संकाय के विभागाध्यक्ष प्रो. बंशीधर सिंह, डॉ. शब्बीर, अमिता त्रिपाठी, प्रो. अभिषेक तिवारी, आलोक यादव, अंजली मिश्रा मौजूद रहे। (संवाद)

NBT PAGE 7

एलयू में यूजी की ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया का आगाज

केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था के तहत 31 मई तक भरे जाएंगे फॉर्म

■ एनबीटी सं, लखन

एलयू में सोमवार को वीसी ने मंथन हॉल में सत्र 2023-24 की केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था के तहत ऑनलाइन स्नातक प्रवेश की प्रक्रिया का शुभारंभ किया। प्रवेश फार्म भरने की अंतिम तिथि 31 मई है।

एलयू वीसी प्रो.आलोक कुमार राय ने बताया कि वेबसाइट पर ऐडमिशन पेज में यूजी ऐडमिशन पर जाकर प्रवेश संबंधित सभी सूचनाएं प्राप्त कर सकते हैं। अभ्यर्थी अपने मोबाइल के माध्यम से भी विवि की वेबसाइट पर जाकर या एलयू का ऐप डाउनलोड करके ऐडमिशन फॉर्म भर सकते हैं। वीसी का कहना है कि केंद्रीयकृत प्रवेश फॉर्म भरने के पहले प्रत्येक अभ्यर्थी को रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। अभ्यर्थी ऐडमिशन पेज पर जाकर अपना एलयूआरएन पंजीकरण करा सकते हैं। एलयू पीआरओ डॉ.दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर हेल्पलाइन नंबर-0522-4150500 पर सुबह 10 बजे से शाम 6 तक कॉल कर मदद ली जा सकती है।

इन बातों का रखें ध्यान

- फॉर्म भरने के पूर्व ऐडमिशन वाउचर में दिए सभी निर्देश अवश्य पढ़ लें।
- अभ्यर्थी के फोटो की स्कैन कॉपी 50 Kb के अंदर हो।
- सिग्नेचर की स्कैन कॉपी 50 Kb के अंदर हो।
- आरक्षण का लाभ लेना है तो उसके प्रमाणपत्र की स्कैन कापी 50 Kb के अंदर हो।
- प्रवेश फॉर्म की फीस ऑनलाइन जमा करने के बाद, 72 घंटे से पहले दोबारा फ़ीस न जमा करें।

HINDUSTAN PAGE 6

केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाइन स्नातक प्रवेश प्रक्रिया का शुभारंभ

एलयू में स्नातक प्रवेश प्रक्रिया शुरू 31 मई तक लिए जाएंगे आवेदन

दाखिले की दौड़

लखनऊ, संवाददाता । लखनऊ विश्वविद्यालय में कुलपति ने सत्र 2023-24 की केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाइन स्नातक प्रवेश प्रक्रिया का सोमवार को मंथन हाल में शुभारंभ किया। कुलपति ने बताया कि प्रवेश फार्म भरने की अंतिम तारीख 31 मई तय की गई है।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि वेबसाइट पर सभी सूचनाएं प्राप्त कर सकते हैं। एडमिशन फॉर्म अभ्यर्थी अपने मोबाइल के माध्यम से एलयू का ऐप डाउनलोड करके भी भर सकते हैं। कुलपति का कहना है कि केंद्रीयकृत प्रवेश फॉर्म भरने के पूर्व प्रत्येक अभ्यर्थी को एलयूआरएन पंजीकरण करना अनिवार्य है। अभ्यर्थी एडमिशन पेज पर जाकर अपना एलयूआरएन पंजीकरण करा सकते हैं। पीआरओ डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि हेल्पलाइन नंबर-0522-4150500 पर सुबह 10 बजे से शाम 6 तक मदद ली जा सकती है।

आवेदन में इन बातों का रखें ध्यान

अभ्यर्थी के फोटो व हस्ताक्षर की स्कैन कापी 50 केबी के अंदर हो। आरक्षण प्रमाणपत्र की स्कैन कापी 50 केबी के अंदर हो। फीस ऑनलाइन जमा करने के बाद, 72 घंटे के पहले दोबारा न जमा करें।

विद्यांत हिन्दू पीजी

प्राचार्या प्रो. धर्म कौर ने बताया कि एक अप्रैल से ऑनलाइन और ऑफलाइन नए सत्र के आवेदन फॉर्म भरे जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसलिए वेबसाइट देख सकते हैं।

- आवेदन शुल्क : 700 रुपये।
- सीटें : बीए 670, बीकॉम 320 रेगुलर व 120 सेल्फ फाइनेंस।

शिया में यूजी व पीजी की 3306 सीटें

shiacollege.org,shiapgcollege.ac.in से दाखिले होंगे। स्नातक व परास्नातक में 3306 सीटें हैं। आवेदन शुल्क 1000 होगा। मीडिया प्रभारी डॉ. प्रदीप शर्मा ने बताया कि जून से नए प्रवेश होंगे। कॉलेज में नए सत्र से एलएलबी पांच वर्षीय (ऑनर्स), बीए जर्नलिज्म एंड मास कम्यूनिकेशन आदि कोर्स भी होंगे।

कोर्सवार सीटें

बीए 1046, बीकॉम रेगुलर 700, बीकॉम सेल्फ फाइनेंस-320, बीएससी 550, बीबीए आइबी 60, एमजेएमसी 40, एमएससी जूलॉजी 30, एमए उर्दू 60, एमए समाजशास्त्र 60, एमकॉम प्योर 60, एमकॉम एप्लाइड इकोनामिक्स 60, एलएलबी 320 सीटें।

कालीचरण में 1980 सीटों पर एडमिशन

कालीचरण के प्राचार्य प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय का कहना है कि 6 अप्रैल से https://kcpgclko.in/ के माध्यम से ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन लिए जाएंगे। इस बार बीएससी और बीबीए में भी प्रवेश का मौका रहेगा। सभी कोर्सों में 1980 सीटों पर प्रवेश मेरिट से होंगे।

कोर्सवार सीटें

बीए 980
बीएससी 240
बीबीए 60
बीकॉम 360
एमकॉम प्योर 60
एमकॉम एप्लाइड 60
पीजी 220 सीटें हैं जिन पर दाखिले लिए जाएंगे।

श्री जय नारायण मिश्र पीजी कालेज (केकेसी)

आवेदन शुल्क : एक हजार रुपये।
कोर्सवार सीटें : एमकॉम कामर्स 60, एमकॉम एप्लाइड इकोनामिक्स 60, एमएससी फिजिक्स, एमएससी केमिस्ट्री, एमएससी बॉटनी की 30, एमए इकोनॉमिक्स 50, एमए इंग्लिश 50, एमए सोशियोलॉजी 50, एमए हिन्दी 60, बीए 1080, बीकॉम 1080, बीएससी 840, एलएलबी 320, बीकॉम ऑनर्स 60, बीबीए आइबी 60, बीपीएड 50 सीटें।

JAGRAN CITY PAGE III

लवि : स्नातक में 31 मई तक होंगे आवेदन

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने जारी किया आवेदन फार्म

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2023-24 के लिए केंद्रीकृत प्रवेश व्यवस्था के तहत स्नातक की प्रवेश प्रक्रिया सोमवार से शुरू कर दी। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने इसका शुभारंभ किया। अभ्यर्थी www.lkouniv.ac.in के माध्यम से प्रवेश फार्म 31 मई तक भर सकते हैं। प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर एडमिशन ब्रोशर में दी गई है।

प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कैंपस में स्नातक और स्नातक प्रोफेशनल कोर्सों में ईडब्लूएस कोटे को मिलकर 4500 सीटें हैं। आवेदन फार्म अभ्यर्थी अपने मोबाइल के माध्यम से भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर या लवि का ऐप डाउनलोड करके भी भर सकते हैं। केंद्रीकृत प्रवेश फार्म भरने से पहले अभ्यर्थी को लखनऊ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन नंबर (एलयूआरएन) के लिए पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

परास्नातक में आवेदन 11 अप्रैल से : लवि ने वेबसाइट पर पीजी के लिए आवेदन प्रक्रिया भी तय कर दी है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि पीजी कोर्सों में आवेदन 11 अप्रैल से 10 जून तक भरे जा सकेंगे। प्रवेश परीक्षा एक से 10 जुलाई तक होगी। इसके परिणाम 20 जुलाई को जारी होंगे।

लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रमों की आवेदन प्रक्रिया का शुभारंभ करते कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय • सौजन्य से लवि

इन बातों का रखें ध्यान

- फार्म भरने से पहले एडमिशन ब्रोशर में सभी निर्देश पढ़ ले
- अभ्यर्थी के फोटो की स्कैन कापी 50 केबी के अंदर हो।
- हस्ताक्षर की स्कैन कापी 50 केबी के अंदर होनी चाहिए
- आरक्षण का लाभ लेने के लिए प्रमाण पत्र की स्कैन कापी 50 केबी की हो
- प्रवेश फार्म की फीस आनलाइन जमा करने के बाद 72 घंटे के पहले दोबारा फीस न जमा करें।
- असुविधा होने पर नंबर 0522-4150500 पर सुबह 10 से शाम छह बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

आवेदन शुल्क

स्नातक में : सामान्य, ईडब्ल्यूएस और ओबीसी के लिए : 800 रुपये, एससी, एसटी : 400 रुपये, दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए : 400 रुपये

बीसीए-बीबीए, डीफार्मा : सामान्य, ईडब्ल्यूएस और ओबीसी के लिए : 1000 रुपये, एससी-एसटी : 500, दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए : 500 रुपये

बीएलएड : सामान्य, ईडब्ल्यूएस और ओबीसी के लिए : 1600 रुपये, एससी-एसटी के लिए : 800, दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए : 800 रुपये

यूपी प्रवेश प्रक्रिया का प्रस्तावित शेड्यूल
प्रवेश परीक्षा-15 से 25 जून, परिणाम : सात जुलाई, काउंसलिंग प्रथम चरण : 10 से 14 जुलाई, द्वितीय : 16 से 21 जुलाई, तृतीय चरण : 25 से 31 जुलाई

महिला व खुन-खुन जी कालेज में आवेदन एक से

लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से आवेदन से पहले अभ्यर्थियों के लिए लखनऊ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन नंबर (एलयूआरएन) के लिए पोर्टल खोलने के बाद अब कालेजों ने भी आवेदन की तैयारी पूरी कर ली है। अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कालेज, महिला महाविद्यालय, खुन-खुन जी गर्ल्स डिग्री कालेज एवं कालीचरण पीजी कालेज में एक अप्रैल आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। एक रिपोर्ट..

मुमताज पीजी कालेज
नए सत्र के लिए बीए, बीएससी व बीकाम में आवेदन फार्म आफलाइन माध्यम से एक अप्रैल लिए जा सकेंगे। प्राचार्य डा. नसीम अहमद खान ने बताया कि आवेदन का शुल्क 500 रुपये है। प्रवेश के लिए बीए में 650, बीएससी 250 तथा बीकाम 60 सीटें हैं।

महिला महाविद्यालय
प्राचार्या निशा गुप्ता ने बताया कि एक अप्रैल से बीए, बीएससी, बीकाम पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन फार्म कालेज से मिलने शुरू हो जाएंगे। इसके लिए 800 रुपये जमा होंगे। बीए में 900, बीएससी 480, बीकाम में 160 सीटें है।

बाबा श्री नारायण वोकेशनल पीजी कालेज में शुरू होंगे दो नए कोर्स

बाबा श्री नारायण वोकेशनल पीजी कालेज में एमएससी जियोलाजी व बीसीए में भी दाखिले की तैयारी है। प्राचार्य प्रोफेसर संजय मिश्रा ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से दोनों कोर्सों में एनओसी मिल चुकी है। अब सहयुयतता के लिए प्रक्रिया की है। वहां से अनुमति मिलने के बाद आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी।

आवेदन फार्म के लिए देना होगा 500 रुपये शुल्क
खुन-खुन जी गर्ल्स कालेज की प्राचार्या प्रो. अंशु केडिया ने बताया कि एक अप्रैल से आवेदन फार्म मिलने शुरू हो जाएंगे। इसके लिए अभ्यर्थी को 500 रुपये शुल्क देना होगा। संस्थान में बीए में 385 सीटें है। जल्द ही आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कालेज
यहां एक अप्रैल से आनलाइन वेबसाइट http://www.abvnndc.in/ व आफलाइन माध्यम से आवेदन फार्म भरने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। आवेदन शुल्क 200 रुपये है। प्राचार्य डा. सुभाष चंद्र पांडेय ने बताया कि बीए की 160 और बीकाम प्रथम वर्ष में 80 सीटें है। ईडब्ल्यूएस कोटे के तहत 10 फीसद सीटें भी रहेंगी।

PIONEER PAGE 1

एलयू से निकलेंगे डिफेंस व हेल्थ एक्सपर्ट

● लखनऊ विवि के खाते में दर्ज होगी एक और उपलब्धि

सतीश सिंह । लखनऊ

एक सौ दो वर्ष का सफर पूरा कर चुके लखनऊ विश्वविद्यालय में एक नया आयाम जुड़ने वाला है जिसका असर राष्ट्रीय स्तर पर आने वाले कुछ सालों में दिखेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था को बूस्टर डोज देने के लिए रक्षा क्षेत्र व हेल्थ सेक्टर में बढ़ती संभावनाओं को देखते हुए विवि के अर्थशास्त्र विभाग ने डिफेंस इकोनॉमिक्स और हेल्थ इकोनॉमिक्स नाम से नया पाठ्यक्रम जल्द शुरू करने का निर्णय किया है जिससे इन दोनों क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा किया जा सके। इन दोनों कोर्स को शुरू करने वाला लखनऊ विश्वविद्यालय सरकारी क्षेत्र में प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय होगा जहां से डिफेंस व हेल्थ एक्सपर्ट एक साथ निकलेंगे।

इन दोनों कोर्सों को विभाग ने अपने दस वर्षीय विजन प्लान में जगह दी है। विभाग प्रमुख प्रोफेसर मनोज अग्रवाल बताते हैं कि 2014 के बाद मेक इन इंडिया के तहत हथियारों के निर्यात में तेजी आई है। इसके पहले बेशक भारत दुनिया में सर्वाधिक हथियार खरीदने वाले देशों में रहा है लेकिन बीते कुछ सालों में मेक इन इंडिया से अब निर्यात करने वालों की लिस्ट में आ चुका है। हथियार बेचने में भारत दुनिया भर में 24वें स्थान पर पहुंच चुका है।

रक्षा अर्थशास्त्र की जरूरत

रक्षा एक सार्वजनिक वस्तु है अर्थात एक बार निवारण प्राप्त हो जाने के बाद युद्ध टालने से सभी नागरिकों को लाभ होता है। किसी भी नागरिक को लाभ का आनंद लेने से वंचित नहीं किया जा सकता है। जिन लोगों को सार्वजनिक लाभ से बाहर नहीं किया जा सकता है अगर उन्हें विकल्प दिया जाता है तो वे तर्कसंगत रूप से इसकी लागत में योगदान नहीं करना चुनेंगे। रक्षा अर्थशास्त्र रक्षा और सरकार के अन्य कार्यों के बीच इष्टतम संसाधन आवंटन खोजने के इर्द गिर्द घूमता है जबकि प्राथमिक लक्ष्य सार्वजनिक निकाय द्वारा प्रबंधित अन्य बजटों के आकार के संबंध में रक्षा बजट के इष्टतम आकार का पता लगाना है। यह क्षेत्र विशिष्ट मिसाईल और हथियारों के नियंत्रण, निरस्त्रीकरण, नागरिक सुरक्षा हथियारों के रूपांतरण, मोबिलाइजेशन बेस या हथियार संरचना जैसे आउटपुट के बीच आवंटन के अनुकूलन का भी अध्ययन करता है। एक ही समय में इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के विभिन्न तरीकों का विस्तेषण निचले स्तरों पर किया जाता है। इनमें वैकल्पिक रसद व्यवस्थाएं राइफल्स, विशेष उपकरण, अनुबंध प्रावधान, आधार स्थान आदि के बीच इष्टतम विकल्प खोजना शामिल है।

इसलिए आवश्यक है स्वास्थ्य अर्थशास्त्र

स्वास्थ्य अर्थशास्त्र, अर्थशास्त्र की शाखा है जो स्वास्थ्य और स्वास्थ्य सेवा के आवंटन में कमी से जुड़े मुद्दों से सम्बन्धित है। मोटे तौर पर स्वास्थ्य अर्थशास्त्री स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की क्रिया प्रणाली का और स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले निजी और सामाजिक कारणों जैसे भूप्रधान का अध्ययन करते हैं। स्वास्थ्य अर्थशास्त्र के सिद्धांत में कमी की धारणा, आपूर्ति और मांग आवश्यकता और मांग के बीच अंतर, अवसर लागत, छूट, समय सीमा, मार्जिन, दक्षता और इंक्रिटी शामिल हैं। स्वास्थ्य अर्थशास्त्र इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह इस बात पर ध्यान केंद्रित करता है कि हितधारकों और प्राप्तकर्ताओं का आर्थिक व्यवहार चिकित्सा देखभाल की गुणवत्ता और लागत को कैसे प्रभावित करता है।

लवि के छात्र-छात्राओं ने किया लघु नाटकों का मंचन

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग ने विश्व रंगमंच दिवस पर सोमवार को दो दिवसीय कार्यशाला किया। इसमें पीएचडी शोधार्थियों ने चार नाटकों का मंचन किया। पहली बार विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने लघु नाटकों की पटकथा लिखी। फिर उनका मंचन भी किया।

कार्यक्रम का नेतृत्व प्रो. मीनाक्षी पाह्वा ने किया। नाटक समलैंगिकता, नशे की लत, विद्यार्थियों पर पड़ रहे पारिवारिक दबाव और दलित उत्पीड़न जैसे प्रमुख विषयों से संबंधित थे। कार्यक्रम में प्रो. राज बिसारिया, अधिष्ठाता कला संकाय प्रो. अरविंद अवस्थी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन एवं विभागाध्यक्ष प्रो. एम प्रियदर्शिनी ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

PIONEER PAGE 2

INSTRUCTIONS

Lucknow University Vice-Chancellor Prof AK Rai has issued instructions to all the departments to start preparing for even semester classes of the session 2022-23 on time. Along with the classes for this session, the admission process for 2023-24 session has also been started. Registrar Sanjay Medhavi has sent a letter to all the departments, asking for the preparations and arrangements to be made regarding time table, lab, industrial tour, field trip, etc for even semester studies. Details have been sought by March 31.

i-NEXT PAGE 4

स्टूडेंट्स ने किया लघु नाटकों का मंचन

LUCKNOW : एलयू के अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग ने विश्व रंगमंच दिवस पर सोमवार को दो दिवसीय कार्यशाला किया. इसमें पीएचडी शोधार्थियों ने चार नाटकों का मंचन किया. पहली बार विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स ने लघु नाटकों की पटकथा लिखी और उनका मंचन भी किया. कार्यक्रम का नेतृत्व प्रो. मीनाक्षी पाह्वा ने किया. नाटक समलैंगिकता, नशे की लत, विद्यार्थियों पर पड़ रहे पारिवारिक दबाव और दलित उत्पीड़न जैसे प्रमुख विषयों से संबंधित थे.

एलयू: दंगल के पहले दिन अल्फा इलेवन की जीत हुई

लखनऊ। एलयू के द्वितीय परिसर में लखनऊ यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स एवं कल्चरल कमेटी के तत्वाधान में सोमवार से खेलों के दंगल की शुरूआत हुई। पहले दिन क्रिकेट टूर्नामेंट के मौके पर लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की टीम एलयू वॉरियस और बीटेक की अल्फा इलेवन के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें अल्फा इलेवन की जीत हुई।

12 अप्रैल तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में राजधानी के कई विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के अनेकों छात्र प्रतिभाग करेंगे। जो 40 से अधिक प्रतिस्पर्धाओं में प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। एलयू खेल एवं संस्कृति समिति के निदेशक प्रो. सतीश चंद्र ने कहा कि बड़े स्तर पर खेलों का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में स्पोर्टस कल्चर को विकसित करना है।

PIONEER PAGE 3

लखनऊ विश्वविद्यालय स्नातक प्रवेश प्रक्रिया शुरू, 31 मई तक होंगे आवेदन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक कक्षाओं में दाखिले को लेकर सोमवार से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गयी। विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने सत्र 2023-24 की केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था के अंतर्गत आनलाइन स्नातक प्रवेश की प्रक्रिया का मंथन हाल में शुभारंभ किया। प्रवेश फार्म भरने की अंतिम तिथि 31 मई 2023 है। दाखिले के इच्छुक अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट पर जाकर प्रवेश से सम्बन्धित सूचनाएं प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा अभ्यर्थी अपने मोबाइल के माध्यम से भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर या लखनऊ विश्वविद्यालय का एप डाउनलोड करके भी भर सकते हैं।

आवेदन के समय इनका रखें ख्याल

○ प्रवेश हेतु आवेदन से पूर्व एलयूआरएन पर पंजीकरण कराना आवश्यक है।

○ पंजीकरण अनिवार्य है और ऑनलाइन आवेदन में पंजीकरण संख्या भरना अनिवार्य है।
○ अभ्यर्थी के फोटो की स्कैन कापी 50 केबी के अंदर हो।
○ सिग्नेचर की स्कैन कापी 50 केबी के अंदर हो।
○ यदि किसी आरक्षण का लाभ लेना है तो उसके प्रमाणपत्र की स्कैन कापी 50 केबी के अंतर्गत हो।
○ प्रवेश फार्म का शुल्क ऑनलाइन जमा करने के बाद 72 घंटे के पहले दोबारा फीस न जमा करें।
○ किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर हेल्पलाइन न. 0522-4150500 पर प्रातः 10 से सायं 6 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

कक्षाएं शुरू करने के निर्देश

लविवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने सभी विभागों को शैक्षणिक सत्र 2023-24 की केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था के अंतर्गत आनलाइन स्नातक प्रवेश प्रक्रिया का शुभारंभ किया है इसके लिए आवश्यक तैयारियां समय से प्रारंभ करने के साथ ही इसके लिए आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। इस सत्र की कक्षाओं के साथ ही 2023-24 के प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू कर दी गयी है। डीन अकादमिक प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि कुलसचिव ने 31 मार्च तक डीन अकादमिक कार्यालय में ब्योरा उपलब्ध कराने के दिये निर्देश दिये हैं। इन्होंने बताया गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शोध कुलपति की प्रमुख प्राथमिकताओं में शीर्ष पर है। बता दें कि विषम सेमेस्टर की परीक्षायें अप्रैल प्रथम सप्ताह में सम्पन्न हो जायेंगी, जिसके बाद सम सेमेस्टर की कक्षायें शुरू होनी हैं। साथ ही पिछले सप्ताह ही लर्न एप्लीकेशन के माध्यम से नये सत्र के प्रवेश प्रक्रिया के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिये गये हैं।

प्रवेश से पूर्व पंजीकरण शुल्क को लेकर नाराज छात्र संगठन धरने पर बैठे

लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से इस बार विधि सहित कलेजों में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए पंजीकरण अनिवार्य किये जाने के विरोध में सोमवार को समाजवादी छात्र सभा व विरसा अंबेडकर फुले छात्र संगठन ने संयुक्त रूप से विश्वविद्यालय परिसर में धरना दिया। छात्र संगठनों का कहना था कि विश्वविद्यालय प्रशासन जानबूझकर गरीब छात्रों पर आर्थिक बहुत बड़ा रहा है। प्रदर्शन करने वाले छात्र संगठनों का कहना है कि विश्वविद्यालय में गरीब किसान, आर्थिक रूप से कमजोर छात्र पढ़ने के लिए आते हैं। ऐसे में उन पर अतिरिक्त शुल्क लगाना आर्थिक बोझ बढ़ाने जैसा है। पंजीकरण शुल्क को लेकर विश्वविद्यालय में प्रदर्शन कर रहे समाजवादी छात्र सभा व वापसर के प्रतिनिधिमंडल को चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर राकेश द्विवेदी कुलपति से मिलवाने ले गए। जहां पर प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति से पंजीकरण के नाम पर हो रहे अवैध वसूली को वापस लेने का ज्ञापन सौंपा। छात्र सभा की सचिव कांक्षी सिंह ने बताया कि हमने कुलपति के सामने अपनी मांगों को रखा और जल्दी इस पर निर्णय लेने की मांग की है।

विधिक साक्षरता एवं सहायता शिविर में दी गयी जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय विधि संकाय की प्रतिष्ठित संस्था विधिक सहायता केंद्र व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को बीकेटी तहसील के रसूलपुर कायस्थ ग्राम में विधिक सहायता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विधिक सहायता केंद्र के संयोजक मनीष तिवारी ने किया।

इस शिविर में विभिन्न सरकारी अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक किया। शिक्षा विभाग के अधिकारी अनुराग सिंह राठौर द्वारा निपुण भारत योजना के अंतर्गत चलाए गए योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं अभियानकों को अपने बच्चों को विद्यालय भेजने के विषय में विस्तृत समझाया के जरिए विद्यार्थियों के रिपोर्ट पर जोर दिया और विधिक सेवा केंद्र के कार्य क्षेत्र के बारे में बताया। शिविर में आये बढ़ते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बीकेटी से आए डॉ शब्बीर अली ने ग्रामीणों भूमपान के नुकसान के बारे में बताया। बाल पुष्टाहार विभाग की अधिकारी अमिता त्रिपाठी द्वारा विभाग से जुड़ी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर डा बंशीधर सिंह ने अपने संबोधन में सुलह समझौता के जरिए विवादों के निपटने पर जोर दिया और विधिक सेवा केंद्र के आह्वान किया। विधिक सहायता केंद्र के सदस्यों अंजली मिश्रा द्वारा महिला सशक्तिकरण और इरा उपाध्याय द्वारा शराब से होने वाले नुकसान के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। अंत में विधिक सेवा केंद के सदस्यों द्वारा इसरकारी योजना एवं मुकदमों के बारे में सर्वे किया गया।

AMRIT VICHAR PAGE 4

लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक प्रवेश प्रक्रिया शुरु

कुलपति प्रोफ